भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2448
जिसका उत्तर मंगलवार, 03 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

मोटर वाहन उद्योग में गिरावट

2448. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत चार माह के दौरान कार और मोटरसाइकिल की बिक्री में गिरावट आई है;

(ख) यदि हां, तो क्या इससे स्टील, टायर और खुदरा वस्तुओं सहित उसके घटकों और सेवाओं जैसे सहायक उद्योगों में भी गिरावट आएगी;

(ग) क्या सरकार ने देश में मोटरवाहन उद्योग में आई गिरावट की गहराई तक जा कर जाँच की है या पूरे मामले की जाँच करने हेतु कोई समिति गठित की है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) मोटर वाहन उद्योग को पुनर्जीवित और बल देने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): पिछले कुछ महीनों से ऑटोमोटिव सेक्टर सहित सभी क्षेत्रों में आवर्ती मंदी है। लेकिन त्यौहारी माँग से यात्री वाहन सेगमेंट में 0.3% की दर से वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई है।

(ग) से (ङ): यद्यपि किसी विशिष्ट समिति का गठन नहीं किया गया है, जब कभी आवश्यक होता है, सरकार एक नीति निर्माता के रूप में हमेशा ऑटो सेक्टर के व्यापक और सतत विकास के लिए अनेक उपायों के माध्यम से अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने एवं इसमें सुधार करने का प्रयास करती है।

*****